Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

Title: Need to increase customs duty on finished gold and dispense with the customs duty on imported gold materials.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान गोल्ड में प्रयोग की जा रही आयात नीति में कई कमियों की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह नीति भारत में सोने की रिफाइनरी कंपनियों को बंद करने वाली है और देश में बेरोजगारी को बढ़ाने वाली है। वर्तमान समय में फिनिसिंग गोल्ड को अगर भारत में कस्टम डयूटी लगती है और दूसरी ओर कच्चे गोल्ड के मैटेरियल को भारत में आयात करके लाया जाता है तो उस पर पांच प्रतिशत कस्टम डयूटी लगती है जिसके कारण भारत में फिनिसिंग गोल्ड ही आयात हो रहा है। लोग कच्चे गोल्ड मैटेरियल को 5 प्रतिशत डयूटी लगने के कारण आयात नहीं करते हैं, जिसके कारण गोल्ड रिफाइनरी की सारी 10 कंपनियां बंद पड़ी हैं और इनमें 700 करोड़ रूपये का निवेश हो रखा है, जिसका उ पयोग राट्र को नहीं मिल रहा है और इसमें काम करने वाले सभी मजदूरी पूरी तरह से बेरोजगार हो गये हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि फिनिसिंग गोल्ड में कस्टम डयूटी दो प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत की जाये और कच्चे गोल्ड मैटेरियल के आयात पर कस्टम डयूटी समाप्त की जाये, जिससे इन बंद कंपनी को पुनः खोल सके और इसमें लोगों को रोजगार मिल सके। साथ ही साथ कच्चे गोल्ड मैटेरियल में अन्य जो मैटेरियल निकलता है, उसका भी हम उपयोग कर सकें।